web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-हेल्थ-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-रायगढ़-एजुकेशन-प्रादेशिक-फीचर

Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, गुरूवार 11 अक्टूबर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-16

## महत्वपूर्ण एवं खास

### डॉनल्ड ट्रंप ने 'मी टू' अभियान का मजाक उड़ाया

#### बोले- मीडिया के कारण चुप हूं

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ चल रहे ' मी टू ' अभियान का मजाक उड़ाया और कहा कि वह खुद पर नियंत्रण रखे हुए हैं। अपने चर्चित अंदाज में उन्होंने इस कैंपेन का मजाक उड़ाते हुए कहा, इस अभियान के तहत प्रेस द्वारा लागू किए जा रहे नियमों के कारण उन्हें खुद पर नियंत्रण रखना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज ब्रेट कैवनॉग को जब ट्रंपने नामित किया था, तब 3 महिलाओं ने कैवनॉग पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उस वक्त भी ट्रंप ने मजबूती से जज कैवनॉग का बचाव किया और उन्हें विद्वान न्यायधीश बताया था।

### इंडोनेशिया में भूकंप, सुनामी में मृतकों की संख्या 2045 हुई

जकार्ता (आरएनएस)। इंडोनेशिया के सुलवेसी प्रांत में 28 सितंबर को आए 7.5 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी में मारे गए लोगों की संख्या 2,045 हो गई है। प्रशासन ने बुधवार को बताया कि लगभग 5,000 लोग लापता हैं। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पालू में सर्वाधिक 1,636 लोगों की मौत हुई। माना जा रहा है कि आखिरी रिपोर्ट आने तक मौत का यह आंकड़ा पांच हजार से भी ऊपर जा सकता है।

### चीन में मुसलमानों पर अब हलाल उत्पाद प्रयोग करने पर लगा बैन

शिनजियांग (आरएनएस)। चीन के उइगर मुसलमान बहुल प्रदेश शिनजियांग में मुस्लिमों पर सख्ती की घटनाएं अक्सर ही खबरों में आती हैं। अब इस प्रांत में हलाल के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। प्रशासन ने आदेश दिया है कि हलाल उत्पादों पर पूरी तरह से बैन लगाया जाए क्योंकि इससे समुदाय विशेष में धार्मिक कट्टरता बढ़ सकती है।

### फिनलैंड में अगले वर्ष मिल सकते हैं ट्रम्प और पुतिन

हेलसिंकी (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगले वर्ष हेलसिंकी में फिर से मुलाकात हो सकती है। प्रमुख समाचार पत्र हेलसिंगिन सनोमैट ने यह जानकारी दी है। फिनलैंड वर्तमान में आर्कटिक परिषद् की अध्यक्षता कर रहा है और इस बैठक का आयोजन स्थल बाद में तय किया जाएगा तथा 6 नवंबर को अमेरिका के मध्यावधि चुनावों के बाद श्री ट्रम्प शिखर

### लीबिया में कोई सैन्य मौजूदगी नहीं: रूस

मास्को (आरएनएस)। रूस ने लीबिया में किसी भी प्रकार के सैन्य उपस्थिति के दावों से बुधवार को साफ इंकार किया। संवाद समिति स्पुतनिक ने रूसी ऊपरी सदन की रक्षा समिति के उपाध्यक्ष अलेक्सेई कोंड्रात्येव के हवाले से कहा,लीबिया में सेना का कोई जवान तैनात नहीं है और लीबिया के अधिकारियों का इस संबंध में कोई आधिकारिक अनुरोध भी नहीं है।

### होजिरी फैक्ट्री में लगी आग, की मौत

लुधियाना (आरएनएस)। पंजाब के लुधियाना स्थित एक होजिरी फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लग गई जिसमें करीब 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है।

## ओडिशा से टकराया तितली तूफान, कई जगह लैंडस्लाइड

विशाखापत्तनम (आरएनएस)। चक्रवाती तूफान तितली उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटीय तटों तक पहुंच गया है। चक्रवात की आशंका के मद्देनजर ओडिशा राज्य सरकार ने पांच तटीय जिलों के निचले क्षेत्रों से तीन लाख से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है।

तूफान इतना तेज है कि कई पेड़ उखड़ गए है। गुरुवार सुबह तूफान ओडिशा के तटीय इलाकों से टकराया। फिलहाल इन इलाकों में भारी बारिश हो रही है। चक्रवात ओडिशा के तटीय इलाकों से गुरुवार सुबह साढ़े पांच बजे टकराया। गोपालपुर में तूफानी हवाएं 140 से 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पहुंच रही है, इसकी गति 165 किमी प्रति घंटे तक होने का अनुमान है।

हवा की तेज गति के कारण कच्चे घरों, पेड़, बिजली के पोलों को काफी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के कारण बिजली के



### 3 लाख लोगों को सुरक्षित बचाया

पोल उखड़ गए हैं। वहीं कुछ इलाकों से सड़क मार्ग का संपर्क टूट गया है। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने तितली तूफान के वजह से कई ट्रेनों को कैंसिल, डायवर्ट या कुछ देरी के लिए टर्मिनेट कर दिया है।

पूर्वी तटीय रेलवे के वालियर मंडल को उत्तरी आंध्र प्रदेश तथा दक्षिणी ओडिशा तट के बीच खुर्दा रोड और विजयानगरम के बीच बुधवार की रात दस बजे से दोनों ओर से ट्रेनों के आवागमन को अगले आदेश तक रोक लगानी पड़ी। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू इस तूफान का जायजा लेने के लिए गुरुवार सुबह ही अमरावती के गर्वनेंस मॉनीटरिंग सेंटर पहुंच गए थे। तूफान में होने वाले नुकसान से बचने के लिए अलग-अलग जिलों में एनडीआरएफ 18 टीमें तैनात की गई हैं। 11 और 12 तारीख को स्कूल-कॉलेज बंद रखने का फैसला किया है।

मौसम विभाग ने कहा कि ओडिशा के गोपालपुर और आंध्र प्रदेश के कलिंगापत्तनम के बीच गुरुवार तड़के भूस्खलन होने की संभावना है।

## कांग्रेस का मंत्र बांटो और राज करो, बीजेपी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास: पीएम मोदी

नईदिल्ली (आरएनएस)। गुजरात में उत्तर भारतीयों पर हमले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का मंत्र बांटो और राज करो है, जबकि बीजेपी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास है. किसी का नाम लिए बिना उन्होंने ये भी कहा कि पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं तो ऐसी चीजों को बढ़ावा दिया जा रहा है.



प्रधानमंत्री ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत रायपुर, मैसूर, धौलपुर, दमोह और आगरा के बीजेपी कार्यकर्ताओं को नरेंद्र मोदी ऐप के ज़रिए संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने आज तक बांटो और राज करो पर अमल किया है. छोटी-छोटी बातों पर लोगों को भड़काकर उल्लू सीधा करने का काम किया है.

उन्होंने कहा कि वहीं बीजेपी कार्यकर्ताओं के दिल में ये भाव होता है कि देश किसी भी तरह से बंटना नहीं चाहिए. मोदी ने कहा कि बीजेपी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है.

प्रधानमंत्री ने कहा, सुख बांटने से बढ़ता है. ये हमारी संस्कृति में निहित है. लेकिन कांग्रेस पार्टी को देश की संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, हम सुख बांटने वाले हैं, वो समाज बांटने वाले हैं. हमें सुख बांटकर हर किसी की ज़िन्दगी में सुख लाने का प्रयास करना है. उनका समाज बांटकर खुद के परिवार का भला करने का सपना है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, तो ऐसी चीज़ों को बढ़ावा दिया जा रहा है.

## 3 कश्मीरी छात्र समेत 5 अरेस्ट, भारी विस्फोटक भी बरामद

### पंजाब में दहशत फैलाने की थी तैयारी

जालंधर (आरएनएस)। पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने त्योहार के सीजन से ठीक पहले दहशत फैलाने की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है। जालंधर के सीटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग मैनेजमेंट ऐंड टेक्नॉलजी सेंटर पर छापा मारकर मंगलवार देर रात हथियारों के भारी जखीरे के साथ पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। इन पांच छात्रों में तीन कश्मीर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह गिरफ्तारी इसलिए भी अहम हैं क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत जालंधर का दौरा करने वाले हैं। इस गिरफ्तारी पर पुलिस फिलहाल कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वैसे आशंका जताई जा रही है कि गिरफ्तार किए गए छात्रों के तार खालिस्तानी कश्मीरी आतंकवादी नेटवर्क से भी जुड़े हो सकते हैं।



## बीएसएफ जवान ने अपने दो सहयोगियों को मारी गोली, गिरफ्तार

गुवाहाटी (आरएनएस)। दक्षिण असम के करीमगंज जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने दो सहयोगियों को गोली मार दी जिससे एक मौत हो गयी और एक अन्य जवान घायल हो गया।

यह घटना भारत-बंगलादेश सीमा से लगी लखीपुर चौकी के पास हुई। रिपोर्ट के अनुसार बीएसएफ की सातवीं बटालियन में तैनात शिव योगी यादव की अपने दो सहयोगियों के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गयी और उसे अपनी सर्विस राइफल से उन पर गोली चला दी। इस घटना में दोनो हेड कांस्टेबल अशोक कुमार कंगारिया और ए आर पाल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये और उन्हें तुरंत करीमगंज सिविल अस्पताल ले जाया गया। बाद में डॉक्टरों ने अशोक कुमार कंगारिया को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल जवान को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए भेजा गया है।

## ईडी ने कार्ति चिदंबरम की 54 करोड़ की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईएनएक्स मीडिया केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम पर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कार्ति चिदंबरम की भारत और विदेशों में मौजूद 54 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। इसमें उनके बैंक अकाउंट भी शामिल हैं। आपको बता दें कि अभी पिछले दिनों एयरसेल-मैक्सिम केस में पी चिदंबरम और कार्ति को फौरी तौर पर राहत मिली थी, जब उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण एक नवंबर तक बढ़ाया गया था। कार्ति ने इस संबंध में ट्वीट कर अपना पक्ष रखा है।



कार्ति ने इसे विचित्र प्रॉविजनल अटैचमेंट ऑर्डर बताते हुए कहा है कि यह केवल हेडलाइन बनाने के लिए दिया गया है। कार्ति ने दावा किया है कि कानून के सामने यह आदेश ठहर नहीं सकेगा। उन्होंने इस मामले को उचित लीगल फोरम के आगे उठाने की बात कही है। ईडी ने जो संपत्ति जब्त की है उसमें दिल्ली के जोरबाग, ऊटी और कोडिकना के बंगले, ब्रिटेन का आवास और बार्सिलोना की प्रॉपर्टी शामिल है। आपको बता दें कि ईडी ने प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्ति और अन्य पर पिछले साल मई में केस दर्ज किया था। एफआईआर में कार्ति पर आरोप लगाया गया है कि अपने पिता के केंद्रीय वित्त मंत्री रहते उन्होंने आईएनएक्स मीडिया को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की मंजूरी दिलाने के बदले में 3.5 करोड़ की रकम ली थी। पिछले साल 15 मई को दर्ज हुई एक एफआईआर के सिलसिले में कार्ति को एक बार गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

## हत्या के मामले में रामपाल दोषी करार, हिसार में सुरक्षा कड़ी

हिसार (आरएनएस)। सतलोक आश्रम प्रकरण में विवादित संत रामपाल को हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी करार दे दिया। फैसले के लिए सेंट्रल जेल में ही कोर्ट बनाया गया और अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया ने मामले की सुनवाई की। मामला 2014 का है जब रामपाल के आश्रम में भड़की हिंसा में 7 लोगों की मौत हुई थी जिसमें 5 महिलाएं और 1 बच्चा भी शामिल था। फैसले के बाद रामपाल के समर्थकों द्वारा उपद्रव होने की आशंका के चलते जेल के ही अंदर विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए रामपाल की पेशी हुई।

इस फैसले को देखते हुए गुरुवार सुबह से ही पूरे हिसार में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। बुधवार को ही जिले में धारा-144 लगा दी गई थी। साथ ही यहां की सभी सीमाएं सील कर दी गई थीं। करीब 2000 सुरक्षा बलों की नियुक्ति की गई। कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने और रामपाल के समर्थकों की भीड़ का हिसार शहर में प्रवेश रोकने के लिए 48 पुलिस नाके लगाए गए थे। शहर में कई जगह रूट डायवर्जन भी हुआ।

### क्या था पूरा मामला

बता दें कि 18 नवंबर 2014 को सतलोक आश्रम के संचालक रामपाल को बरवाला स्थित उसके आश्रम से बाहर निकालने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया था। कार्रवाई के पहले दिन काफी लोग घायल हुए, लेकिन रामपाल के समर्थक डटे रहे। रामपाल के बाहर निकलने तक काफी हिंसा हुई और इस दौरान पांच महिलाओं समेत एक बच्चे की मौत हुई थी। पुलिस ने हिंसा के एक मामले में रामपाल के अलावा 15 लोगों पर और एक अन्य मामले में रामपाल समेत 14 लोगों पर केस दर्ज किया था। प्रशासन ने फैसले को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बरवाला के सतलोक आश्रम प्रकरण में हत्या के दो मुकदमों की सुनवाई अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अजय पराशर सेंट्रल जेल वन में कर रहे थे। उनका पिछले दिनों यहां से तबादला हो गया था जिसके बाद रामपाल के प्रमुख तीन मुकदमे अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया की अदालत में स्थानांतरित हो गए थे।

## मिलकर खाया रात का खाना और सोते समय लड़के ने ले ली पूरे परिवार की जान

### दिल्ली में ट्रिपल मर्डर

नई दिल्ली (आरएनएस)। वसंत कुंज के किशनगढ़ गांव में माता-पिता और बहन की हत्या के आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिता और परिवार की डांट से नाराज होकर सूरज ने चाकुओ से गोद सबकी हत्या कर दी। इस जघन्य हत्याकांड ने देश की राजधानी को दहला दिया है। सूरज ने बिल्कुल पेशेवर अपराधी की तरह इस घटना को अंजाम दिया। वारदात से पहले सबकुछ सामान्य था, सबने मिलकर खाना खाया था। रात को सूरज ने चाकुओं से 30 बार वार कर तीनों की हत्या कर दी।

जानकारी के मुताबिक, पिता मिथिलेश को यह पता लग चुका था कि उनका इकलौता बेटा गलत रास्ते पर चलने लगा है। वह इसका विरोध करते थे और कई बार बेटे के न मानने पर उसकी पिटाई भी कर देते थे। बस, इससे ही नाराज होकर बेटे ने अपने परिवार को मौत के घाट उतार दिया। पहले उसने पिता की हत्या करने की योजना बनाई थी लेकिन बाद में उसने उसकी आजादी में रोड़ा बनने वाली मां और अपनी बहन को भी मार डाला।

तीनों को सोते हुए मारा गया। इन तीनों के ऊपर चाकू के कम से कम 30 वार किए गए। बहन नेहा का तो गला भी काट दिया गया जबकि पिता के पेट, गले और छाती पर चाकू व कैंची के ताबड़तोड़ वार किए गए। साउथ-वेस्ट जिले के डीसीपी देवेंद्र आर्य का कहना है कि आरोपी सूरज ने बताया कि उसने और उसके आठ-दस दोस्तों ने (जिसमें कुछ लड़कियां भी शामिल थीं) ने मिलकर महरौली में एक फ्लैट किराए पर ले रखा था।

## सब इंस्पेक्टर ने गोली मारकर की आत्महत्या

गाजियाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में तैनात सब इंस्पेक्टर ने बुधवार की सुबह खुद के सिर में गोली मार ली, जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। बता दें कि सब इंस्पेक्ट विजय गाजियाबाद के कवि नगर थाने में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के कवि नगर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर विजय थाना परिसर में स्थित अपने आवास पर थे। बुधावर की सुबह उन्होंने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली।



थाने के अंदर गोली चलतने की आवाज से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी। घटना की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने सब इंस्पेक्टर को गंभीर हालात में इलाज के लिए यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सब इंस्पेक्टर विजय की मौत हो गई। बताया जाता है कि सब इंस्पेक्टर विजय, मथुरा में किसी मुकदमे में फसने की वजह से काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। फिलहाल आत्महत्या की वजह का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## रायबरेली हादसे के बाद रेल यातायात पर असर

रायबरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में बुधवार सुबह न्यू फरक्का एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के कारण हुए हादसे के कारण इलाहाबाद-लखनऊ और लखनऊ-वाराणसी रुट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। हादसे के बाद उत्तर रेलवे द्वारा तमाम ट्रेनों के रुट बदले गए हैं, इसके अलावा कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। उत्तर रेलवे ने इस बारे में एक बयान जारी करते हुए प्रभावित ट्रेनों के बारे में जानकारी दी है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि रायबरेली के हरचंदपुर स्टेशन के पास हुए हादसे और राहत कार्यो के बीच रायबरेली के पास अप और डाउन लाइनों की



कुल 13 ट्रेनों की आवाजाही पर असर हुआ है। इनमें कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 14219 वाराणसी लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस को आज रायबरेली तक ही संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

### ये ट्रेनें भी हुईं डायवर्ट

इसके अलावा 14215 गंगा गोमती एक्सप्रेस के रुट मे बदलाव करते हुए इसे बीघापुर के रास्ते लखनऊ ले जाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों के साथ 14512 नौचंदी एक्सप्रेस,14208 पद्मावत एक्सप्रेस, 14266 देहरादून-वाराणसी एक्सप्रेस, 12183 भोपाल-प्रतापगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस और 14265 वाराणसी-देहदादून एक्सप्रेस को सुलतानपुर रूट से संचालित किया जा रहा है।

C M Y K